आकाषवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांष

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 23.02.2026, समय 0720

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में 'दिव्य कला मेला' का आयोजन, राज्यपाल गुरमीत सिंह ने समावेशी विकास पर बल दियां
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना पर राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक समरसता और गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण का संकल्प दोहरायां
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– हरिद्वार में अगला कुंभ 'ग्रीन कुंभ' के रूप में आयोजित किया जाएगां
- और... चमोली जिले की उर्गम घाटी में माँ कालिंका व मायाधार देवी की ऐतिहासिक 'देवरा रथ यात्रा' नौ माह के विजय भ्रमण के बाद संपन्नं

"दिव्य कला मेला"

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित 'दिव्य कला मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि समावेशी विकास तभी सार्थक है, जब समाज का कोई भी वर्ग विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहें उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सहानुभूति के नहीं, बल्कि सम्मान और समान भागीदारी के अधिकारी हैं तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं

राज्यपाल ने कहा कि जब दिव्यांगजनों को उचित मंच और संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, तो वे अपनी प्रतिभा से समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने में सक्षम होते हैं उन्होंने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आया है और वे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे हैं

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि 'दिव्य कला मेला' मानवीय सामर्थ्य का उत्सव हैं उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिव्यांग सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान का प्रतीक है तथा देशभर के दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता हैं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अल्मोड़ा में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गयां

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रनिर्माण और देश की गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण का संकल्प दोहराया गयां

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म अनादि काल से चला आ रहा है और सदैव "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना में विश्वास रखता हैं उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए आज फिर से समाज को संगठित होकर सर्वधर्म समभाव के मार्ग को आगे बढ़ाने की आवश्यकता हैं

ग्रीन कुंभ

पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि राज्य सरकार ने हरिद्वार में अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ को 'ग्रीन कुंभ' के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाने का संकल्प लिया हैं कुंभ की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लियां

बैठक में कुंभ मेले की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुरक्षा इंतजामों पर चर्चा की गईं श्री महाराज ने बताया कि राज्य सरकार ने कुंभ आयोजन के लिए 191 करोड़ 30 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की हैं उन्होंने कहा कि हरिद्वार में समय–समय पर बड़े धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, इसलिए कुंभ के तहत स्थायी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगीं

'देवरा रथ यात्रा'

चमोली जिले की उर्गम घाटी में माँ कालिंका और मायाधार देवी की ऐतिहासिक 'देवरा रथ यात्रा' नौ माह के विजय भ्रमण के बाद संपन्न हो गईं

34 वर्षों के अंतराल के बाद गत वर्ष 10 जुलाई को षुरू हुई यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का महोत्सव रहीं यात्रा के दौरान देवी ने जोशीमठ और दशोली क्षेत्र के 98 गांवों में लगभग एक हजार किलोमीटर की पदयात्रा कीं 181 दिनों तक चली इस यात्रा के दौरान देवी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कियां

9 फरवरी से भर्की गांव में आरंभ हुआ उत्सव आज चरम पर पहुंच गयां 'न्यूतारू विदाई' मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जयकारों से पूरी घाटी गुंजायमान हो उठीं

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहें मंदिर समिति ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ उनका स्वागत कियां पुलिस अधीक्षक ने माँ कालिंका के दर्शन कर जनपद की सुख–समृद्धि की कामना कीं

यूएस कार्निवाल सरस आजीविका मेला

ऊधमसिंह नगर जिले में आयोजित सरस आजीविका मेले के नौवें दिन 'फिट इंडिया अभियान' के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गएं योग सत्र और मलखंभ में बच्चों के संतुलन, लचीलेपन तथा साहसिक कौशल ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित कियां

कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं और आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की गईं विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश से सतर्क रहें और अपनी गोपनीय जानकारी अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें

नोडल अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के साथ–साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना हैं

दुर्घटना

पिथौरागढ़ जिले में कल देर शाम घाटदृपिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुपकोट मटेला बैंड के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी खाई में गिर गयां दुर्घटना में कार सवार पति–पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गईं मृतकों की पहचान पिथौरागढ़ निवासी दंपति के रूप में हुई हैं बताया गया है कि वाहन लोहाघाट से पिथौरागढ़ की ओर आ रहा थां पुलिस मामले की जांच कर रही हैं